27 नवंबर, 2020

जोखिम मूल्यांकन और निर्यात के लिए एनपीओपी आवश्यकताओं के अनुपालन पर परामर्श टिप्पणी

एपीडा को यूरोपीय आयोग से भारत से निर्यात होने वाले जैविक उत्पादों में कई कीटनाशकों अवशिष्टों का अभिज्ञान होने पर अनियमितता सूचनाएँ मिल रही हैं। इसके कारण, सदस्य देशों के सक्षम अधिकारियों द्वारा यूरोपीय संघ में विक्रय के लिए कंसान्टमेंट्स जारी नहीं की गई है।

यह कीटनाशक अवशिष्ट तिल, सोयाबीन, चौलाई, फ्लेक्स सीड आदि जैसे उत्पादों में पाए गए है जिसमें तिल और सोयाबीन के लिए बार-बार सूचनाएं मिल रही हैं। पिछले दो महीनों के दौरान भारत से निर्यातित होने वाले जैविक चौलाई के बीज के लिए जैविक तिलों में एथिलीन ऑक्साइड का अभिज्ञान होने पर 15 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। कई जैविक शिपमेंट में एक ही अवशिष्ट का बार-बार मिलना एक चेतावनीपूर्ण स्थिति है क्योंकि इससे वह विश्वसनीयता धूमिल हो सकती है जिसे पिछले वर्षों में भारत ने विदेशी बाज़ार में हासिल किया है।

जून-सितंबर 2020 के दौरान और कंसान्टमेंट्स के आधार पर विभिन्न स्तरों पर शिपमेंट में अवशिष्टों का पता लगाया गया है। इस अवधि के दौरान रिपोर्ट किए गए अभिज्ञान, भारत से कई जैविक शिपमेंट के साथ अनियमितताओं का संकेत देते हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर, सभी मान्यता-प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा सावधानीपूर्वक जोखिम मूल्यांकन किया जाए और एनपीओपी आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त निवारक उपाय किए जाएं। मान्यता-प्राप्त प्रमाणीकरण निकायों को यह सूचित किया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार के अभिज्ञान से बचने के लिए वे पर्याप्त निवारक उपाय करें।

संचालकों को जैविक कंसाइनमेंट्स के संचालन और निर्यात के दौरान आवश्यकताओं की जानकारी दी जा सकती है।

यू.के. वत्स
महाप्रबंधक